लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

LOK SABHA SPEAKER ARRIVES IN PARLIAMENT HOUSE; LOK SABHA SECRETARIAT RESUMES OFFICIAL WORK

"CORONA WARRIORS DESERVE ACCOLADES AND SUPPORT OF ALL STAKEHOLDERS IN OUR NATIONAL STRATEGY TO CONTAIN THE IMPACT OF THE DISEASE": LOK SABHA SPEAKER

New Delhi 20 April 2020: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla arrived at the Parliament House today, upon resumption of the functioning of Lok Sabha Secretariat. This is in line with the advisory issued by the Ministry of Home Affairs, Govt. of India, regarding resumption of work in Central Government offices by 20 April 2020 alongside, the nationwide lockdown put in place till 3 May 2020, to contain the spread of COVID 19 in the country.

Speaking on the occasion, Shri Birla said that India has been reasonably successful in its efforts to contain the spread of this virus and that with the cooperation of the people the nation shall be able to defeat this disease. Shri Birla said that the Lok Sabha Secretariat is in touch with all Members of Parliament, who in turn are leading efforts within their constituencies to spread awareness about the disease and to ensure that people are taking all the requisite precautions related to social distancing.

Referring to the tremendous willpower and efforts of COVID-19 warriors in containing the deadly pandemic, Shri Birla urged the people to extend respect to them. He was of the view that health workers, sanitation personnel, security personnel and several other groups have fought this difficult battle selflessly for the sake of the nation. Accordingly, our CORONA warriors deserve accolades and support of all stakeholders in our national strategy to contain the impact of the disease.

The officers and members of staff of the Secretariat also resumed their respective official duties today.

Within the Parliament House Estate (PHE), extensive social distancing protocols have been put in place. Wearing of masks has been made mandatory for all persons entering PHE premises. All vehicles entering the PHE premises are being sanitized, along with thermal scanning of all persons who enter the PHE. Wide-ranging sanitization of all surfaces, both indoors and outdoors along with social distancing norms with regard to meetings and other interactions are also being followed. All officials have also been given masks and sanitizers and a roster system for lower level officials has also been introduced.

लोक सभा अध्यक्ष संसद भवन पहुंचे; लोक सभा सचिवालय के अधिकारिओं और कर्मचारियों ने सरकारी कामकाज शुरू किया।

कोविड-19 से लड़ने की हमारी राष्ट्रीय रणनीति में कोरोना योद्धाओं की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की जानी चाहिए": लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली 20 अप्रैल 2020: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला लोकसभा सचिवालय के कामकाज के फिर से शुरू करने के अवसर पर आज संसद भवन पहुंचे। यह कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए 3 मई, 2020 तक देशव्यापी लॉकडाउन और 20 अप्रैल से सरकारी कामकाज के पुनरारंभ के संबंध में गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप है।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारत इस वायरस के प्रसार को रोकने के अपने प्रयासों में बहुत सफल रहा है और लोगों के सहयोग से हम इस बीमारी को हराने में सक्षम होंगे। श्री बिरला ने कहा कि लोकसभा सचिवालय सभी सांसदों के संपर्क में है, जो अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास कर रहे हैं कि लोग सोशल डिस्टैन्सिंग से संबंधित सभी दिशानिर्देशों का पालन करें ।

इस घातक महामारी से निपटने में कोरोना योद्धाओं की जबरदस्त इच्छा शक्ति और प्रयासों का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने लोगों से उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कि स्वास्थ्यकर्मी , सफाई कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी और कई अन्य समूहों ने हमारे देश की खातिर निस्वार्थ रूप से इस कठिन लड़ाई को लड़ा है। तदनुसार, कोविड-19 से लड़ने की हमारी राष्ट्रीय रणनीति में कोरोना योद्धाओं की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की जानी चाहिए ।

सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी आज अपने कामकाज को फिर से शुरू किया।

संसद भवन परिसर (PHE) के भीतर व्यापक सामाजिक डिस्टेंसिंग प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। PHE परिसर में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। PHE परिसर में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों का स्वच्छीकरण किया जा रहा है और   सभी व्यक्तियों की थर्मल स्कैनिंग की जा रही है। बैठकों में सोशल डिस्टन्सिंग से सम्बंधित दिशानिर्देशों के पालन के आदेश दिए गए हैं । सभी अधिकारियों को मास्क और सैनिटाइज़र भी दिए गए हैं और निचले स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक रोस्टर प्रणाली भी लागू की गई है।